ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 20-01-2023

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-01-20 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-01-21	2023-01-22	2023-01-23	2023-01-24	2023-01-25
वर्षा (मिमी)	3.0	0.0	0.0	0.0	12.0
अधिकतम तापमान(से.)	12.0	14.0	14.0	16.0	13.0
न्यूनतम तापमान(से.)	1.0	1.0	1.0	4.0	5.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	75	75	75	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	35	35	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	8.0	8.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	230	250	270	110	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	0	0	4	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनो में, 20 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व 24 जनवरी को हल्की वर्षा हो सकती है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 12.0 से 16.0 व 1.0 से 5.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6-10 किमी/घंटे की गति से मुख्यतः दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 24 जनवरी को कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज बारिश के साथ आंधी आ सकती है।

सामान्य सलाहकार:

आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉ यड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155 सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। किसान भाई फसलों में सिंचाई व रसायनों का छिडकाव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनो में, 20 जनवरी को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी व 24 जनवरी को हल्की वर्षा हो सकती है। 24 जनवरी को कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज बारिश के साथ आंधी आ सकती है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर दिसम्बर में बोई समय में बुवाई के 40-45 दिन बाद 2,4-डी0 के 500 ग्राम सक्रिय अवयव या मैटसल्फूरान मिथाईल के 4 ग्राम या कारफेंट्राजान के 20 ग्राम का 500-600 लीटर पानी में घोल कर फ्लैट-फेन नोजल द्वारा छिड़काव प्रति हैक्टर की दर से करें।
मसूर की दाल	चना व मसूर की फसल मे आवश्यकतानुसार एक सिंचाई फूल आने से पहले तथा दूसरी फली बनते समय करे। 24 जनवरी को वर्षा की सम्भावना को देखते हुए अभी किसान भाई सिंचाई स्थगित कर सकते है। चना व मसूर की फसल मे फूल बनते समय 2 प्रतिशत यूरिया के घोल का पर्णीय छिड़काव करे। प्रथम छिड़काव के 10-15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करे। प्रति हैक्टर 600-700 लीटर पानी का प्रयोग करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
सेब	सेब तथा गुठलीदार फलों में तना विगलन रोग की रोकथाम के लिए प्रभावित सेब तथा गुठलीदार फलों के तनों के चारों तरफ मिट्टी हटाएँ जिससे धूप की किरणें ग्रसित भाग पर पड़े। प्रभावित छालों को हटाकर इसमें चैबटिया पेस्ट लगाकर मिट्टी से ढक दें।
शिमला मिर्च	शिमला मिर्च की उन्नत किस्म का बीज क्रय कर नर्सरी में बुवाई करें। पाले से बचाव हेतु पौधशाला को सफेद प्लास्टिक से इस तरह ढके कि सूर्य की रोशनी के साथ-साथ हवा का संचार भी हो सके (जमीन से 1 मीटर उपर)।
नाशपाती	पूर्व में आरक्षित किये शीतोष्ण फल वृक्षो जैसे सेब, नाशपाती, खुबानी, अखरोट आदि फल वृक्षो को लगाने का कार्य प्रारम्भ करे। शीतोष्ण फल पौधो के थाले बनाये तथा गोबर, नत्रजन एवं फास्फोरस की उचित मात्रा का प्रयोग करे।
टमाटर	टमाटर पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओं को धान की कन्नी आहार के रूप में दें। जिससें उन्हें उर्जा और गर्मी मिलती है।
भेंस	पशुओं के बैठने का स्थान समतल होता चाहिए जिससे उनकी उत्पादन क्षमता प्रभावित न हो तथा इस समय नवजात पशुओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान दें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।